# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र वन प्रभाग सोनभद्र।

पत्रांक– 579 /सोनभद्र/ ,दिनांक, रावर्ट्सगंज, ~~जुलाई~~ सितम्बर 14 ,2021

सेवा में,

**अधिशासी अभियन्ता**
**पी0एम0जी0वाई0 लोक निर्माण विभाग**
**राबर्टसगंज–सोनभद्र।**

**विषय–** जनपद–सोनभद्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्ल्यू0ई0) के अन्तर्गत सुअरसोत खुर्द से सियरिया मार्ग किमी0 0.000 से 19.200 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कुल 11.7900हे0 वनभूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु प्रस्ताव।

**सन्दर्भ–** **आपका कार्यालय पत्रांक–1074/य.पी. 67153 पी0एम0जी0एस0वाई0/2021 दिनांक 20.07.2021।**

जनपद–सोनभद्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्ल्यू0ई0) के अन्तर्गत सुअरसोत खुर्द से सियरिया मार्ग किमी0 0.000 से 19.200 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु प्रभावित हो रहे कुल 11.790 हे0 वनभूमि के के गैर वानिकी उपयोग हेतु भारत सरकार की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर प्रस्ताव की 5 प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। जिसका परीक्षण करने पर निम्नलिखित कमियां पायी गयी है :–

1. जियो रेफरेन्स मानचित्र में लिजेण्ड के अनुसार मार्ग की लम्बाई नहीं दर्शायी गयी है।
2. एफ.आर.ए. सर्टिफिकेट संलग्न नहीं है, लागत–लाभ विश्लेषण प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
3. वन स्वरूप क्षेत्रों सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
4. प्रस्ताव के साथ प्रस्ताव के प्रथम पृष्ठ (विषय सूची) से लेकर प्रस्ताव के अन्तिम पृष्ठ तक की पी0डी0एफ0 फाइल पांच पेनड्राइव में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।
5. सचिव उ0प्र0 शासन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2 लखनऊ का पत्रांक–1015(1)/81–2–2021–800(100)/2021 दिनांक 30.07.2021 द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में परियोजना में बाधित होने वाले वृक्षों हेतु Entire Tree Transplant (ETP) की वचनबद्धता प्रमाण पत्र, प्रस्ताव में संलग्न करें।
6. सी0डी0 संलग्न नहीं है।
7. Proposal's Profile and Background Different Aspects संलग्न नहीं है।
8. आप द्वारा इन्डेक्स संलग्न किया गया है किन्तु इन्डेक्स के अनुसार प्रमाण पत्र नहीं संलग्न किया गया।
9. दुर्लभ/संकटापन्न/विशिष्ट प्रजातियों सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
10. Authorization of Applicant of User Agency संलग्न नहीं है।
11. टास्कफोर्स की संस्तुति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
12. स्मारक क्षेत्र सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
13. उ0प्र0 शासन के पत्रांक–वी.आई.पी.–23/14–2–2019–190जी/2018 दिनांक 28.06.2019 सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।

अतः विषयक प्रस्ताव मूल में इस आशय से वापस किया जाता है कि उपरोक्तानुसार कमियों का शीघ्र निराकरण करते हुए संशोधित प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे प्रकरण में त्वरित अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

**(संजीव कुमार सिंह)**
**प्रभागीय वनाधिकारी**
**सोनभद्र वन प्रभाग सोनभद्र।**